कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।
Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397
पत्रांक – 3616 / 12–1 (2) अल्मोड़ा, दिनांक, 20/06/2023.

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
भूमि संरक्षण, इन्दिरा नगर, फारेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय :– जनपद– चम्पावत में चार धार परियोजना के अन्तर्गत टनकपुर – पिथौरागढ़ एन0एच0 (नया 09) चम्पावत बाईपास के निर्माण हेतु 8.94 है0 वन भूमि का सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रायल को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/31090/2017.

सन्दर्भ :– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर केन्द्रीय क्षेत्र) देहरादून की पत्र सं0 08 बी / यू0सी0पी0 / 06 / 112 / 2018 / एफ0सी0 / 1109 दिनांक 16.03.2023।

महोदय,

विषयगत मोटर मार्ग के सम्बन्ध में प्रदर्शित आपत्तियों का निराकरण कर प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत के पत्रांक 4395 / 12–1 (2) दिनांक 09.06.2023 द्वारा सूचित किया है। जिसे आपके सूचनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

**संलग्न– यथोपरि।**

भवदीय

(आकाश कुमार वर्मा)
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत।

Email-dfo_champawat@rediffmail.com

पत्रांक 4395/ 12-1 चम्पावत, दिनांक 9-6- 2023

सेवा में,
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषयः– जनपद चम्पावत में चार धाम परियोजना के अन्तर्गत टनकपुर–पिथौरागढ़ एन0एच0 125 (नया 09) चम्पावत बाईपास के निर्माण हेतु 8.94 हे0 वन भूमि का सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को प्रत्यावर्तन। **(Online No-FP/UK /ROAD /31090/ 2017)**

संदर्भः– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय देहरादून की पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी/06/112/2018/एफ0सी0 /1109, दिनांक 16.03.2023 एवं अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग, लोहाघाट की पत्र संख्या 553/चम्पा0बाईपास दिनांक 02.06.2023 ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में जनपद चम्पावत में चार धाम परियोजना के अन्तर्गत टनकपुर–पिथौरागढ़ एन0एच0 125 (नया 09) चम्पावत बाईपास के निर्माण हेतु 8.94 हे0 वन भूमि का सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को प्रत्यावर्तन, जिस पर भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देहरादून के द्वारा 4 बिन्दु की आपत्ति लगाई गयी, जिस हेतु अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0, लोहाघाट द्वारा आपत्ति का निराकरण कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराई गई है। जिसके आधार पर आख्या निम्नानुसार प्रेषित की जा रही है:–

| क्र.स. | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | Referring to point 2 of EDS, it has been Noted that the proposed road intersects with 11 existing link roads, however, the necessary NoCs repuired for this intersection have not been provided and need to be submitted. | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्तावित बाईपास लोक निर्माण विभाग चम्पावत के 11 सड़कों के कुछ भाग को काट रहा है। अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग चम्पावत से अनापत्ति ले ली गयी है। जिसकी छायाप्रति संलग्न है। |
| 2 | Upon review of the response provided regarding Poing 5 of the EDS, it appears that the cutting work for the proposed road will be carried work out on a 14 on the hillside, which means the felling will only be done on this 14 m Row, The State Government is requested to provide a separate list of trees within the 14m width, and the concerned DFO is requested to indicate how many trees will be affected and how many trees will be affected and how many need to be felled for the proposal, | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग में सड़क परिवहन राजमार्ग मत्रांलय के निर्देशानुसार 24 मीटर में भूमि अधिग्रहरण का कार्य किया गया है। आपके निर्देशानुसार 14 मी0 चौड़ाई में पेड़ों की पुनः गणना की गयी है। जिसके अनुसार 14 मी0 चौड़ाई में प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या 1709 है तथा 24 मी0 चौड़ाई में वृक्षों की संख्या 2346 है। |
| 3 | The DSS analysis of the CA area indicates that patch one Overlaps with the area of 6.68 ha proposed for CA in proposals FP/UK/ROAD/38399/2019 AND FP/UK/ROAD/42256/2019, Clarifications and necessary need to be made reagarding this matter | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल पूर्व में दिये गये थे उन स्थलों को संसोधित कर पूर्वी देवीधूरा–धूनाघाट कक्ष संख्या 22 क्षेत्रफल 5.5 हे0 एवं कक्ष संख्या 25 क्षेत्रफल 7 हे0 तथा पूर्वी क्रान्तेश्वर कक्ष संख्या 11 अ क्षेत्रफल 6 हे0 कुल 18.5 हे0 के डिजिटल मैप, जियो रिफ्रेन्स मैप एवं गूगल मैप में हस्ताक्षर उपरान्त 5–5 प्रति संलग्न कर प्रेषित किये जा रहे हैं। |
| 4 | The KML file of the CA area is not currently available on the online portal The state Government is requested to upload the KML File of the CA area in Part II Para 13 | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल की के0एम0एल0 ऑनलाईन के भाग 13 में अपलोड कर दिया गया है। |

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार सूचना अपने स्तर से अपर प्रमुख एवं नोडल अधिकारी भूमि संरक्षण निदेशालय, देहरादून को प्रेषित करने की कृपा करें।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार 4 प्रतियों में।**

भवदीय,

Randpl

(आर.सी.काण्डपाल)
प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत।

पत्रांक / दिनांकित।

प्रतिलिपिः– अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0, लोहाघाट को सूचनार्थ प्रेषित।

(आर.सी.काण्डपाल)
प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत।